## कलेक्टर ने किया सोयाबीन उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

### कृषकों से उपार्जन संबंधी जानकारी ली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर जिले में सोयाबीन उपार्जन का कार्य क्रियान्वित किया जा रहा है। इन केन्द्रों पर उपार्जन नीति के अनुसार किए जाने वाले प्रबंधों का कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने विकासखंड करेली एवं चीचली के समर्थन मूल्य पर पंजीकृत उपार्जन केंद्र गोदाम 3 एसी करेली एवं गुरुकृपा वेयर हाउस वटेसरा का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहां कृषकों से उपार्जन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों को शासन के निर्देशानुसार उपार्जन कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति बोहानी का निरीक्षण कर समिति प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले कृषि विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड चीचली के अंतर्गत ग्राम पनारी में कृषक संगोष्ठी एवं मसूर मिनी किट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कृषकों को निशुल्क मसूर की उन्नत बीज मिनी किट वितरित किये। उन्होंने किसानों से कहा कि वे डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी से नाईट्रोजन और फॉस्फोरस की पूर्ति होती है, जबकि एनपीके में नाईट्रोजन, पोटाश एवं फॉस्फोरस होता है। किसान एनपीके का उपयोग कर बेहतर फसल उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। एनपीके 12/32/16 और 16/16/16 उर्वरकों से फसलों में नत्रजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश मुख्य पोषक तत्व की पूर्ति होती है। इसी प्रकार 20/20/0/13 से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं सल्फर की पूर्ति एवं डीएपी से केवल दो तत्व नत्रजन एवं फॉस्फोरस की ही पूर्ति होती है। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस, 12 प्रतिशत सल्फर एवं 21 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है।

## तांगा दौड़ में गाडरवारा प्रथम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित तांगा दौड़ प्रतियोगिता ने क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया। होटल कृष्णा से सिद्ध बाबा मंदिर तक आयोजित इस ऐतिहासिक दौड़ में प्रतिभागियों ने अपनी कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया गाडरवारा, सिवनी और अन्य आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें गाडरवारा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सिवनी की टीम ने द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल कर इस आयोजन को और भी खास बना दिया दौड़ की शुरुआत होटल कृष्णा से हुई, जहां स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से आए लोग इस दौड़ का हिस्सा बनने के लिए एकत्रित हुए। यह दौड़ लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सिद्ध बाबा मंदिर पर समाप्त हुई, जहां पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया ।



**परंपराओं को बनाए रखने का प्रयास**- पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि तांगा दौड़ हमारी पुरानी परंपराओं में से एक है,जो हमारे पूर्वजों की धरोहर है उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युग में भी इन परंपराओं को जीवंत बनाए रखना जरूरी है। प्रतियोगिता के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गाडरवारा के तांगे को सम्मानित किया गया। सिवनी के दोनों तांगों को द्वितीय और तृतीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित तंगा दौड़ प्रतियोगिता ने क्षेत्रीय परंपराओं को जीवित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास किया इस अवसर पर महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी,ब्रजेश माते ,रामस्नेही पाठक , शक्ति सिंह राजपूत, संदीप ममार ,अंशुल उमाशंकर नेमा आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

## 100 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गाडरवारा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने 10 प्रकरणों में 100 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर 2.5 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट कराया है। इसी तारतम्य में थाना गाडरवारा पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों के द्वारा में मजबूत मुखबिर तंत्र के आधार पर थाना अंतर्गत कुचबंदिया मोहल्ला गाडरवारा, ग्राम सिहोरा,ग्राम भटेरा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब रखे 09 प्रकरणों में कुल 100 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल कीमती 10,000 रूपये जप्त की जाकर आरोपीगण के विरूद्ध पृथक-पृथक आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये गये एवं अवैध शराब के निर्माण हेतु उपयोगी करीबन 2.5 क्विंटल लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की गई । थाना गाडरवारा पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र मजबूत कर थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब का व्यापार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियाँ जारी रहेंगी।

## सार-समाचार

### जन शिक्षा केंद्र कठौतिया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला स्टेशन गंज गाडरवारा में जन शिक्षा केंद्र कठौतिया के अंतर्गत आने वाली समस्त माध्यमिक एवं हाई स्कूल की शालाओं के साथ छात्रों द्वारा गणित विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के मॉडल तैयार किए गए जिनका विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शन किया गया प्रत्येक विषय पर दो-दो मॉडलों का चयन विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में किया जाएगा शासकीय माध्यमिक शाला स्टेशनगंज सिरेगाँव उकासघाट धुरसुरु के छात्र-छात्राओं के मॉडल विकास खंड प्रदर्शनी के लिए चयनित किए गए।

### कौसर शेख ने स्वर्ण पदक जीतकर नगर का गौरव बढ़ाया

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में 3 नवंबर से आयोजित 68 वी राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक प्रतियोगिता आयु वर्ग 17 में शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9 वीं की छात्रा कौशर शेख पिता जमील खान ने 800 मीटर, 4×400 मीटर की रिले रेस प्रतियोगिता में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय व नगर का गौरव बढ़ाया है। कौशर शेख को पिछले 1 वर्ष से वॉरियर्स एथलेटिक अकादमी में कोच आकाश कौरव द्वारा अभ्यास कराया जा रहा है यह वॉरियर्स एथलेटिक अकादमी की भी बहुत बड़ी उपलब्धि है। कौशर शेख आने वाले 68वे राष्ट्रीय स्कूल ऐथलेटिक्स टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। गुरुवार को इंटरसिटी एक्सप्रेस से कौशर शेख का गृह नगर आगमन हुआ रेलवे स्टेशन पर शिक्षक योगेंद्र झरिया, अनुज जैन, सिराज अहमद सिद्दीकी विक्रम शर्मा, डॉ संदीप मेहरा, राहुल कोरी, रामेश्वर कहार व कोच आकाश कौरव ने छात्रा का पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए स्वागत किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस 68 वी राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन स्थल स्थानीय रूद्र मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे नगर के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति, धार्मिक भजनो पर गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम मे सरस्वती वंदना उपरांत स्वागत गीत प्रस्तुत किये गए। इसके अलावा प्रियंका दुबे ने धार्मिक भजन प्रस्तुत कर भगवान राम की महिमा का बखान किया। कन्या नवीन स्कूल की छात्राओ ने शिव तांडव गीत प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय हैं कि इस आयोजन मे नगर के क्राइस्ट चर्च कान्वेंट, आदर्श, नूपुर कान्वेंट, टीवीएन, आदित्य पब्लिक स्कूल, सहित अनेक स्कूलों के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन मे खास बात यह रही कि इसमे समूह गान एवं समूह नृत्य की प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक मनीष शंकर तिवारी ने किया। आयोजन मे भूपेश ठाकुर, मनीष शुक्ला एवं मनोज कौरव सहित अन्य सहयोगी आर्केष्टा पर सक्रिय दिखे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में सेवाएं देने वाले शिक्षक और कर्मचारी सम्मानित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस स्थानीय शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय मे 68 वी राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार ने सम्पूर्ण प्रतियोगिता मे बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियो को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित करते हुए कहा कि सभी के बेहतर आपसी तालमेल एवं अथक परिश्रम से प्रतियोगिता संपन्न हुई हैं जिसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं। अब हम सभी को मिलजुलकर और बेहतर कार्य करते हुए 16 नवंबर से शुरू हो रही राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियो मे जुटना हैं। श्री ब्योहार ने कहा कि काम के प्रति समर्पण से ही सभी कार्य पूर्ण हो जाते है। श्री ब्योहार ने प्रतियोगिता मे सभी के सहयोग के प्रति आभार भी जताया हैं। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश बसेड़िया एवं कबड्डी प्रतियोगिता से जुड़े शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुमारी दुबे ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के दौरान स्थानीय रूद्र मैदान पर कन्या नवीन शाला में अध्यनरत कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी श्री दुबे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसकी सभी जनों द्वारा प्रशंसा की गई । गौरतलब हो कि कुमारी श्री दुबे ग्राम भटेरा निवासी नीलिमा मुकेश दुबे की पुत्री है तथा वह सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा चित्रकला एवं अन्य विधाओं में हमेशा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहती हैं। हाल ही में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा उनकी चित्रकला को सराहा भी गया था।

### स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर कमल जोशी के मार्गदर्शन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 4 नवंबर से 9 नवंबर तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है।

## किसानों को तत्काल डीएपी एवं यूरिया की पर्याप्त मात्रा मिले : कांग्रेस

**करेली, देशबन्धु।** पूर्व नगरपालिका करेली अध्यक्ष राजेंद्र रघुवंशी एवं युवा कॉंग्रेस प्रदेश सचिव मनीष कौरव के नेतृत्व में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार महोदय को मांग पत्र दिया, साथ ही ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा की सरकार विगत कई वर्षो से प्रदेश की जनता के साथ लगातार शोषण कर रहीं है जिसमें किसानो को यूरिया एवं ष्ठ्रक्क को लेकर समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन शासन प्रशासन किसानो की इस समस्या का सुधारने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है जबकि विगत चुनाव मैं बीजेपी के द्वारा किसानो के हित मैं बहुत से वादे किए गए थे परंतु चुनावों को लगभग एक साल बीतने के बाद भी किसानो की हालत मैं कोई सुधार नहीं हुआ है ।



किसानों की इन सब मांगों को लेकर करेली कॉंग्रेस द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं पर मध्य प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराया एवं युक्त विन्दुओ पर ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं किसानों के साथ न्याय किया जाए किसानो को यूरिया एवं ष्ठ्रक्क भरपूर मात्रा मैं उपलब्ध हो गेहू एवं धान की की खरीदी घोषणा पत्र के अनुसार सुनिश्चित किया जाय किसानो के खेत के बिजली बिल विद्युत कंपनी द्वारा बड़ा कर दिए जा रहे है उनको काम किए जाय विद्युत कंपनी द्वारा अनियमित बिजली कटौती को तुरन्त रोका जाय फसल का उचित दाम मिले महोदय जी उपरोक्त बिंदुओं पर विचार कर तत्काल प्रभाव मैं लिया जाय अन्यथा किसानों के सम्मान में कॉंग्रेसजन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी, ज्ञापन में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रघुवंशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पेठिया, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा,नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष राहुल उपाध्याय, पूर्व पार्षद मनोहर ठाकुर, संतोष पेठिया, प्रदीप रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, अनुज ममार, युवा कॉंग्रेस प्रदेश सचिव मनीष कौरव, युवा कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल ठाकुर , राजेंद्र तिवारी, गोविंद जाटव, शैलेन्द्र कौरव, जितेंद्र ममार, हर्षित रघुवंशी, कैलास रघुवंशी, रीतेश यादव, अंकित रजक, धीरज विश्वकर्मा, ग्यास खान, अमन श्रीवास्तव , ऋषिराज कोल, धर्मेंद्र यादव, सौमन्द्र जैन, पारस रघुवंशी, कपिल सेन सहित अनेकों पदाधिकारियों उपस्थित हुए।

## स्मैक, जुआ, सट्टा के खिलाफ युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन व उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सम्पूर्ण गाडरवारा एवं नरसिंहपुर जिले में स्मैक की बिक्री रोकने व विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं जुएँ, सट्टे पर रोक लगाने के लिए युवा कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने युवा कांग्रेस के नेतृत्व में पुलिस थाने पहुचकर पुलिस उप अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को ज्ञापन दिया।



इस मौके पर कांग्रेस नेता रविशेखर जायसवाल ने कहा की गाडरवारा सहित पूरे जिले में स्मेक का कारोबार जमकर हो रहा है। समाज विरोधी अपराधों का व्यापार पूरे क्षेत्र में जमकर फल फूल रहा है। खासकर नशे की चपेट में है व नशे की लत के कारण युवा वर्ग बर्बादी की कगार पर है। क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर शीघ्र अंकुश लगना चाहिए वरना कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल ने कहा कि मादक पदार्थ का कारोबार पूर्ण रूप से बंद होना चाहिए । शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मादक विक्रय करने वालों का मकड़ जाल फैला हुआ है इस पर अंकुश जल्द लगना चाहिए । युवा कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि लम्बे समय से गाडरवारा नरसिंहपुर जिले में जानलेवा नशे स्मैक की बिक्री की जा रही है, पुलिस छोटे आरोपियों को पकड़कर औपचारिक कर रही है। जिले में स्मैक के कारोबार से कौन लोग जुड़े हैं पुलिस के हाथ उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसी कारण से पूरे जिले में नौजवान, स्कूल कॉलेज के बच्चे तेजी से इस स्मैक के नशे की चपेट में आ रहे हैं। ज्ञात हो कि स्मैक जैसा नशा जानलेवा साबित होता है, जिससे व्यक्ति का जीवन बर्बाद हो जाता है और परिवार तबाह हो जाता है, वहीं समाज पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही गाडरवारा नगर में सट्टा पट्टी, जुआँ, पर प्रभावी कार्यवाही कर नगर के भविष्य को नष्ट होने से बचा लीजिये और लम्बे समय से एक ही जगह पदस्थ पुलिस कर्मचारियों की भूमिका की जाँच की जावे। अपेक्षा है कि उक्त ज्ञापन के दोनों बिंदुओं पर एक सप्ताह के भीतर पुलिस स्मैक के कारोबारियों एवं सट्टा पट्टी, जुआँ पर ठोस कार्यवाही नही करती है ओर 7 दिवस के अंदर यदि स्मैक का कारोबार गाडरवारा से मूल रूप से बंद नहीं होता तो हम गाडरवारा नगर वासी धरना प्रदर्शन व आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन देते समय कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा, अनिल साहू, राजीव दुबे, मोनू पांडे, अजय सोनी, राजेश नीरस, मोनू झिरा, संदीप ढिमोले, आयुष जैन, राजुल जायसवाल, मनीष कौरव, गणेश शर्मा, यश राय, साकेत नीखरा, रोहित गुर्जर, शुभम बरहैया, शुभम चौकसे, शुभम कौरव, विनायक द्विवेदी, निकेत पटेल, शीतल राय, राम द्विवेदी, संजय कौरव ,कपिल कौरव,आशु ममार, ध्रुव राडवे सहित युवा कांग्रेस एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने पलोटन गंज में एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में पुलिस थाने पहुंचकर स्मेक, मादक पदार्थ कारोबार बंद करो नारे लगाये ओर पुलिस उप अधीक्षक से मौखिक रूप से चर्चा करते हुए समाज विरोधी अपराधों के खिलाफ विरोध जगाया ।

## वयोवृद्ध साहित्य साधक पं.डीपी शुक्ला का किया सम्मान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर ने समाजसेवी चिंतक साहित्य साधक 88र्षीय पं.डी.पी शुक्ला का स्वागत सम्मान करते हुये उनके जन्मदिन पर उनके अनुभव साझा किये।आयोजन समिति ने श्री शुक्ला का पुष्पमाला शाल श्रीफल से सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया।




पी जी कालेज पूर्व प्राचार्य प्रो.बी जी पांडे ने श्री शुक्ला की अनुकरणीय सेवाओं की सराहना की। ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने वयोवृद्ध श्री शुक्ला का भरपूर आशीर्वाद लेते हुए अपना काव्यपाठ किया।

पं.सी बी शर्मा कविवर रमाकांत गुप्ता नीर ने पं.डी पी शुक्ला के साहित्य लेखन और देशभक्ति पूर्ण चिंतन पर चर्चा करते हुए उन्हें स्वस्थ निरोग रहने की शुभकामनाएं दीं।डा.महेश त्रिपाठी ने नवदुर्गा गणेश उत्सव पर्व पर शुक्ला जी द्वारा आयोजित कवि सम्मेलनो की यादों को तरोताजा किया। पं.डी पी शुक्ला ने सभी को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि हम सत्य के रास्ते पर चलकर सेवा परोपकार सहित हमेशा नेक कार्य करें। उक्त अवसर पर अरूण कुमार खरे ,लखन सोनी, श्रवण पटेल, यूं एस उपाध्याय, महेश नेमा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। संचालन पं.सी बी शर्मा व आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।

## हैहय क्षत्रिय समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु

( प्रदीप राय )

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** हैहय क्षत्रिय कलार समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु पौराणिक काल के एक महान चंद्रवंशी सम्राट थे, जिनकी राजधानी महिष्मति नगरी थी। इनके वश का आरम्भ ययाति के पुत्र यदु से हुआ। ये वास्तव में यदुवंशी ही थे किन्तु आगे चलकर यदुवंश से हैहय वंश अलग हो गया जिस कारण ये है हैयवंशी कहलाये। भगवान सहस्त्रबाहु ने देवर्षि नारद के परामर्श पर 12 वर्षों तक श्री दत्तात्रेय की घोर तपस्या कर 1000 भुजाओं का वरदान प्राप्त किया था, उन मुजाओं के कारण उनकी शक्ति सहस्त्र गुणा बढ़ गई थी और कोई भी योद्धा उनका सामना नहीं कर सकता था। वे जब चाहे अपनी भुजाओं को प्रकट कर सकते थे और जब चाहे उसे लुप्त कर सकते थे, उन्हें यह वरदान था कि युद्ध स्थल में भगवान विष्णु और उनके अंशावतार के अतिरिक्त उन्हें और कोई परास्त नहीं कर पायेगा और संपूर्ण जगत में वे सहस्त्रार्जुन के नाम से जाने जायेंगे। भगवान दत्तात्रेय से प्राप्त अथाह शक्ति के बल पर भगवान सहस्त्रबाहु ने अपने राज्य को अनंत तक विस्तृत कर लिया। उन्होंने पृथ्वी के सातों द्वीपों पर अधिपत्य कर लिया, कई शक्तिशाली राजाओं ने उनके साथ युद्ध करने का प्रयास किया किन्तु अपनी अतुलित शक्ति के बल पर उन्होंने अकेले ही सभी राजाओं और योद्धाओं को जीत लिया। सातों द्वीपों पर अधिकार प्राप्त करने के बाद वे सप्तद्वीपाधिपति क नाम से प्रसिद्ध हुए। पूरी पृथ्वी पर ऐसा कोई नहीं था जो सहस्त्रार्जुन को युद्ध की चुनैती देने का साहस कर सके। दिग्विजय के समय रावण सभी देशों और प्रदेशों को जीतता हुआ नर्मदा तट पर स्थित महिष्मति नगर पहुँचा, वहाँ उस समय हैहयवंशी राजा कार्त्यवीर्य अर्जुन का राज था महिष्मति पहुँचा तो वो भी सहस्त्रार्जुन से परारत हुआ। बाद में रावण के दादा महर्षि पुलत्स्य की आज्ञा पर सहस्त्रार्जुन ने रावण को मुक्त किया। सहस्त्रार्जुन की पत्नियों के विषय में पुराणों में उनकी कई रानियों का वर्णन है जिनमें से सात रानियाँ प्रमुख हैं सुकृति, पुद्यागंधा, मनोरमा, यमघत्ता, बसुमती एवं विष्ट्?भाद्र। भगवान सहबाहु को अपने महान कार्यों, अद्?भुत पराक्रम और अपने साम्राज्य को इतनी दूर फैला देने के कारण इन सात नामों से जाना जाता है- इनके जन्म का नाम, कार्तवीर्य के पुत्र होने के कारण ,



## देवेन्द्र शर्मा पंडा सार्वजनिक हित के लिए कार्य करते रहे, मनाई जयंती



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सार्वजनिक हित को सर्वोपरि मानकर कार्य करना बड़ी बात होती है। आम आदमी की समस्या को अपनी समस्या मानकर चलना यह हर किसी की बस की बात नही है। रिश्ते बनाना और फिर उनको निभाना कठिन होता है। लेकिन जो लोग स्वर्गीय देवेन्द्र शर्मा पंडाजी के व्यक्तित्व और कृतित्व से परिचित थे वे जानते हैं कि पंडाजी में यह सभी खूबियां थीं। यही कारण है कि उनके न रहने पर हर वर्ग दुखी है। उक्त बात गुरूवार को गणेश मंदिर में स्वर्गीय देवेन्द्र शर्मा पंडा के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अनेक लोगों ने कही। इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विभिन्न वर्ग के प्रतिनिधियों ने कहा कि पंडाजी पत्रकारिता के माध्यम से जनसामान्य की लड़ाई लड़ते रहे। वे बेहद मिलनसार और सहज सरल स्वभाव के धनी थे।

पंडाजी किसी के व्यक्तिगत जीवन की आलोचना के विरोधी रहे और मुद्दों को लेकर बात करते थे। उक्त मौके पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, इंजी. सुनील कोठारी, चौ. जोग्रेन्द्र सिंह,जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटैल, रूपकुमार सोनी, एसके चतुर्वेदी, बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा, देवेन्द्र दुबे, कुंजीलाल यादव, संजय जैन, नीलेश जाट, सुशांत पुरोहित, के अलावा कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य कृष्णकांत उदेनिया व आचार्य विनोद मिश्रा ने स्वातीय वाचन कर कार्यक्रम का प्रारंभ कराया। उक्त मौके पर भगवंत सिंह जाट, संतोष शुक्ला, नीलू जैन, नारायण महोबिया, अतुल चौरसिया, अनंत पांडे, सौरभ राठौर, बंटी साहू, नीरज ठाकुर, श्रीकांत मिश्रा, अरूण शर्मा, संदीप दुबे, राधे साहू, सपना मेहरा, कौशलेन्द्र जाट, राजीव राणा, अश्विनी शर्मा, गणेश प्रजापति, नरेन्द्र श्रीवास्तव जूनियर, गोविंद दुबे, संजय राय, विपुल ठाकुर के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए